मगरमच्छ संरक्षण के लिए वेदांता का 5 करोड़ का निवेश

दैनिक भास्कर ⁝ 1-1 minutes ⁝ 5/23/2025

इंटरनेशनल डे ऑफ बायोडायवर्सिटी पर वेदांता लिमिटेड ने जैव विविधता संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी की इकाई हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने बाघदड़ा नेचर पार्क में मगरमच्छ संरक्षण के लिए वन विभाग, उदयपुर के साथ एमओयू किया।

इस समझौते के तहत 5 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसका उद्देश्य 400 हेक्टेयर क्षेत्र को दलदली मगरमच्छों के लिए उपयुक्त आवास में बदलना है। वेदांता लिमिटेड की नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि जैव विविधता हमारे ग्रह की धड़कन है। तितली से लेकर बाघ तक, हर जीव का महत्व है।

.